Rapid Fire 21 December

- प्रत्येक वर्ष 20 दिसंबर को मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस (International Human Solidarity Day); संयुक्त राष्ट्र ने विविधता में एकता के महत्त्व को समझाने के लिये 2005 में की थी यह दिवस मनाने की घोषणा, इस बार का एकता दिवस बच्चों को समर्पित किया गया और लोगों से यह प्रण लेने को कहा गया कि दुनिया में कोई भी बच्चा भूखा न सोए
- पर्यावरण की दृष्टि से शहरों को रैंकिंग देने पर नवगठित केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सैद्धांतिक तौर पर जताई सहमति; पर्यावरण के तय मानकों की विभिन्न श्रेणियों के आधार पर शहरों को दिये जाएंगे पॉइंट्स; कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक परिवहन, यातायात जाम, सड़कों की सफाई और पर्यवरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता आदि पर मिले पॉइंट्स के आधार पर ही तय होगी शहरों की पर्यावरणीय रैंकिंग
- भारत में पहली बार केरल में दी गई पालतू हाथियों को DNA आधारित जेनेटिक ID पहचान; केरल सरकार की DNA डेटाबेस पहल से हुआ यह संभव; स्थानीय राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी के तकनीकी सहयोग से वन विभाग ने राज्यभर के सभी पंजीकृत पालतू हाथियों का डीएनए डेटाबेस तैयार किया; हाथियों के मालिकाना हक को लेकर किसी विवाद या अन्य जटिलताओं की स्थिति में प्रामाणिक दस्तावेज के रूप में मददगार साबित होगा यह डेटाबेस
- I AM A VILLAGE पहल के तहत उत्तराखंड सरकार गाँवों के विकास पर काम कर रही है; अगले पाँच वर्षों में राज्य के 475 गाँवों की तस्वीर बदलने की है योजना; किसानों की आय दोगुना करने और गाँवों से लगातार हो रहे पलायन को रोकने के मद्देनज़र शुरू की गई है I AM A VILLAGE पहल; हर गाँव में खर्च की जाएगी एक से डेढ़ करोड़ रुपए की राशि; प्रत्येक विकास खंड में एक गाँव को कृषि की सभी सुविधाओं से किया जाएगा लैस
- प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के मद्देनज़र यूरोपीय संघ ने 2021 तक एक बार इस्तेमाल के बाद फेंक दिये जाने वाले प्लास्टिक की कुछ चीज़ों को बैन करने का फैसला किया; इनमें कॉटन बड्स, कटलरी, प्लेट, स्ट्रॉ, गुब्बारे की प्लास्टिक की डंडियों और Expanded Polystyrene से बने फूड कंटेनर शामिल हैं; प्लास्टिक कचरे से समुद्रों को बचाने की मुहिम के तहत यूरोपीय संघ के 28 देशों ने जताई सहमति
- ISIS पर जीत का दावा करते हुए अमेरिका ने किया सीरिया से सेना हटाने का फैसला; सीरिया में अभी मौजूद हैं करीब 2 हज़ार अमेरिकी सैनिक, जिन्हें निकालने में लग सकते हैं 2 से 3 महीने; ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के विरोध में अमेरिकी रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस ने किया इस्तीफा देने का एलान, सीरिया में लंबे समय तक सेना की तैनाती के पक्षधर हैं जेम्स मैटिस
- सीरिया के बाद अफगानिस्तान से भी अपने सैनिक वापस बुलाने का फैसला किया अमेरिका ने; अफगानिस्तान में तैनात हैं लगभग 14 हज़ार अमेरिकी सैनिक; पिछले करीब 17 साल से अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में तैनात है; गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में ही अफगानिस्तान से चरणबद्ध तरीके से सेना को हटाने का किया गया था फैसला
- हर्षवर्धन श्रृंगला को अमेरिका में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है; नवतेज सरना का स्थान लेंगे 1984 बैच के IFS हर्षवर्धन श्रृंगला, जो फिलहाल बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त हैं; बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त की जिम्मेदारी वरिष्ठ राजनयिक रीवा गांगुली दास को दी गई
- 'टाइम' मैगज़ीन ने भारतीय मूल की अमेरिकी काव्या कोप्पारपू और ऋषभ जैन तथा ब्रिटिश-इंडियन अमिका जॉर्ज को दुनिया के 25 प्रभावशाली किशोरों में स्थान दिया है; इस सूची में उन किशोरों को स्थान दिया जाता है जो अपने काम और लगन के कारण लोगों के लिये प्रेरणा बनकर सामने आते हैं
- पूर्व भारतीय क्रिकेट ओपनर W.V. Raman को भारतीय महिला टीम का नया कोच चुना गया; इससे पहले रोमेश पवार महिला टीम के कोच थे, जिनका कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो गया था; भारतीय पुरुष टीम के कोच रह चुके गैरी कर्स्टन तथा तीन महिलाएँ भी शामिल थीं कोच की दौड़ में; BCCI की चयन समिति में पूर्व कप्तान कपिल देव, अंशुमन गायकवाड़ और शांता रंगास्वामी शामिल थे

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-21-december